FORM - III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी, धोरीमना जिला बाड़मेर

हरिभजन बनाम ठाकरराम व अन्य

अन्तर्गत धारा 212 आरटीए

नम्बर 77 सन् 2022

जी.सी.एम.एस. नम्बर

तामिल हुकम	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
03.06.2022	प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम वास्ते पाने अस्थायी निषेधाज्ञा का पेश हुआ कि बाद कार्यालय रिपोर्ट होकर पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी श्री हापूराम गोदारा उपस्थित। प्रार्थी की और से वकील प्रार्थी की एकपक्षीय बहस विस्तार पूर्वक सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए अप्रार्थीगण को प्रार्थी के कब्जा काश्त में किसी प्रकार की दखलअंदाजी नही करने बाबत् पाबन्द हेतु निवेदन किया। पत्रावली का अध्ययन एवं मनन किया। प्रथम दृष्टया मामला व सुविधा का संतुलन प्रार्थी के पक्ष में होने तथा प्रकरण आवश्यक प्रकृति का होने के कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र आरजी तौर पर स्वीकार किया जाकर अंतरिम अस्थाई निषेधाज्ञा इस आशय की जारी की जाती है कि वादग्रस्त आराजी **राजस्व ग्रम–मायलो की बेरी, पटवार मण्डल–खारी, तहसील–धोरीमना के खसरा नम्बर 566/3 क्षेत्रफल 0.6880 व राजस्व ग्रम–जाम्भोजी का मंदिर, पटवार हल्का–खारी, तहसील–धोरीमना के खसरा नम्बर 211/72 क्षेत्रफल 2.2905 हैक्टेयर** भूमि में अप्रार्थी संख्या 01 के नाम दर्ज वादग्रस्त आराजी की आगामी पेशी तारीख तक उभयपक्षकारान राजस्व रिकॉर्ड की यथास्थिति बनाये रखे। प्रार्थी वकील, अप्रार्थीगण को इस आशय के नोटिस डाक रजिस्टर एडी से पेश करे। वकील प्रार्थी आदेश 39 नियम 3 सीपीसी की पालना करे। आदेश 39 नियम 3 सीपीसी की पालना नही करने पर यह अन्तरिम अस्थाई स्थगन आदेश स्वतः निरस्त समझा जायेगा। यदि उक्त भूमि बैंक के रहन है तो बैंक मे राशि जमा कराने या अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त करने व **राजस्थान कृषि साख परिचालन (कठिनाई निवारण) अधिनियम 1974 की कार्यवाही** पर उक्त स्थगन आदेश प्रभावी नही होगा। इस आशय का स्थगन आदेश जारी किया जाता है। स्थगन अहकाम जारी हो। पत्रावली वास्ते अप्रार्थीगण की तलबी हेतु आईन्दा दिनांक 14/07/22 को पेश हो। 03/06/22 (लाखाराम) सहायक कलक्टर (S.D.O.) धोरीमना कमांक : कोर्ट/2022/218-220 दिनांक : 3/6/22 प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं पालनार्थ। 1. तहसीलदार, धोरीमना। 2. प्रार्थी हरिभजन पुत्र ठाकराराम। 3. अप्रार्थी ठाकराराम पुत्र चन्दाराम व अन्य। 03/06/22 सहायक कलक्टर (S.D.O.) धोरीमना	217 3/6/22